राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में कुलपतियों की बैठक 13 जून को होगी

पटना, 04 जून 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के निदेशानुरूप वर्तमान माह जून की 13वीं तारीख को राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक महामहिम कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन में सम्पन्न होगी।

राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री आर०के० महाजन ने बताया कि इस माह 13 जून (वृहस्पतिवार) को आयोजित होनेवाली कुलपतियों की बैठक में सभी कुलपति अपने–अपने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, समस्याओं और उनके निराकरण के सुझावों के संदर्भ में 10–10 मिनट का 'पावर प्रेजेन्टेशन' देंगे। इसमें उनके द्वारा यह बताया जाएगा कि पद पर अपनी नियुक्ति के पश्चात् उनके द्वारा क्या–क्या उपलब्धियाँ हासिल की गईं हैं। वे यह भी बतायेंगे कि निदेशित कार्यों के सम्पादन में उन्हें क्या असुविधाएँ हो रही हैं तथा वे इनके निराकरण के क्रम में राजभवन या राज्य के शिक्षा विभाग से क्या सहयोग चाहते हैं।

कुलपतियों की इस बैठक में 'एकेडमिक कैलेण्डर' के अनुपालन एवं लंबित परीक्षाओं के संचालन तथा एकेडमिक सत्र–2019 के दौरान 'ऑनलाइन एडमिशन' की व्यवस्था की समीक्षा होगी। इस बैठक में 'नैक–प्रत्ययन' (NAAC Accreditation) तथा यू०एम०आई०एस० (University Management Information System) के कार्यान्वयन के संदर्भ में विश्वविद्यालयों की उपलब्धियों की भी समीक्षा की जायेगी। बैठक में विश्वविद्यालयों को राज्य सरकार तथा केन्द्रीय संगठनों द्वारा प्राप्त होनेवाले अनुदानों की व्यय–स्थिति की भी समीक्षा होगी।

....